सब की खबर
# जनगाथा टाइम्स

## विचार

दोस्ती और विरोध दोनों अस्थायी होते हैं, लेकिन इज्जत हमेशा के लिए रहती है। आइए समाज में ऐसे संस्कार विकसित करें जहाँ हर कोई, परिस्थितियों से परे, एक-दूसरे के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार करे।

- राज सुखदेव

■ वर्ष : 06 ■ अंक: 15 ■ शुक्रवार 28 नवम्बर 2025 ■ पृष्ठ : 08 ■ मोबाइल : 98881-91277 ■ editor@jangathatimes.com ■ www.jangathatimes.com ■ RNI NO.PUNHIN/2018/75723




## न्यूज विंडो

### कनाडा के ब्रैम्पटन में भीषण आग: भारतीय नागरिकों समेत 5 की मौत; जान बचाने के लिए खिड़की से कूदी गर्भवती महिला



**ओटावा/टोरंटो :** कनाडा के ओंटारियो प्रांत के ब्रैम्पटन शहर में एक घर में लगी भीषण आग ने भारतीय समुदाय को गहरा सदमा दिया है। इस विनाशकारी हादसे में भारतीय नागरिकों समेत कुल पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है। घटना की गंभीरता को देखते हुए टोरंटो स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने तुरंत संज्ञान लिया है और पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। दूतावास ने पुष्टि की है कि उन्होंने प्रभावित परिवार से संपर्क स्थापित कर लिया है और उन्हें इस दुख की घड़ी में हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है। स्थानीय मीडिया और पुलिस रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह दिल दहला देने वाली घटना 19-20 नवंबर की दरमियानी रात करीब सवा दो बजे मैकलॉघलिन और रिमेंबरेंस रोड इलाके में स्थित एक घर में घटी। आग इतनी तेजी से फैली कि घर के अंदर मौजूद लोगों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिल पाया। पुलिस कांस्टेबल टायलर बेल ने बताया कि बचाव दल जब मौके पर पहुंचा तो तीन महिलाओं और एक छोटे बच्चे की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। ओंटारियो का फायर मार्शल कार्यालय अब इस बात की जांच कर रहा है कि आग लगने की असली वजह क्या थी।

इस हादसे का सबसे मार्मिक पहलू यह रहा कि आग की लपटों में घिरी एक गर्भवती महिला ने अपनी जान बचाने के लिए घर की खिड़की से छलांग लगा दी। उसे गंभीर हालत में तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने बच्चे को बचाने के लिए आपातकालीन सर्जरी की। दुर्भाग्यवश, तमाम कोशिशों के बावजूद नवजात बच्चे ने दम तोड़ दिया, जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर पांच हो गई। पुलिस के अनुसार, अस्पताल में भर्ती अन्य चार लोगों की हालत स्थिर बताई जा रही है, हालांकि कुछ लोग अभी भी गंभीर चोटों से जूझ रहे हैं। भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ह्यएक्सह्न पर जारी अपने बयान में कहा कि ब्रैम्पटन में हुई इस आगजनी की घटना में भारतीय नागरिकों की मौत से वे अत्यंत दुखी हैं। दूतावास ने कहा कि वे शोक संतप्त परिवारों के साथ मजबूती से खड़े हैं। इस हादसे ने ब्रैम्पटन में रहने वाले भारतीय समुदाय में शोक की लहर दौड़ गई है और लोग घायलों के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं।

# जिला परिषद और पंचायत समिति चुनाव का बजा बिगुल, तारीखों की घोषणा, बैलेट पेपर से मतदान

**चंडीगढ़।** पंजाब में एक बार फिर से चुनाव का बिगुल बज गया है। राज्य में जिला परिषद और पंचायत समिति के चुनाव की घोषणा हो गई है। 14 दिसंबर को जिला परिषद और पंचायत समिति के चुनाव के लिए मतदान होगा और 17 को  मतगणना होगी। स्टेट इलेक्शन कमिश्नर राज कमल चौधरी ने शुक्रवार दोपहर बाद चुनावों की घोषणा की है। 1 दिसंबर से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी जो 4 दिसंबर तक चलेगी। 11:00 से लेकर दोपहर 3:00 बजे तक नामांकन होंगे। खास बात यह है कि बैलेट पेपर का ही इस्तेमाल होगा। वहीं चुनाव में 50 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए रिजर्व होंगी। 5 दिसंबर को सभी नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी होगी। 6 दिसंबर को नामांकन वापस लिए जा सकेंगे। 6 दिसंबर को ही चुनाव चिन्ह आवंटित



किए जाएंगे। चुनावों के लिए सूबे में 1 करोड़ 36 लाख 4650 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। मतदान वाले दिन सुबह 8:00 बजे शुरू शाम 4:00 तक वोटिंग होगी। इसके अवाला नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी करवाई जाएगी। 3528 संवेदनशील और 915 अति संवेदनशील क्षेत्र घोषित किए गए हैं। 96000 कर्मचारियों और 50,000 पुलिस जवानों को चुनावी ड्यूटी पर लगाया जाएगा। 21 साल से कम उम्र के लोग चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। प्रत्याशी की उम्र 21 साल से ज्यादा होनी चाहिए। खास बात यह है कि चुनाव ईवीएम से नहीं बैलेट पेपर से होंगे। पंचायत समिति के लिए सफेद रंग का और जिला परिषद के लिए पीले रंग का बैलेट पेपर होगा। जिला परिषद का प्रत्याशी 255000 और पंचायत समिति का प्रत्याशी 110000 चुनावी खर्च कर सकेगा। पंजाब के ग्रामीण क्षेत्र के लिए तत्काल प्रभाव से आचार संहिता लागू हो गई है।

# अमृतसर में युवक की हत्या, तेजधार हथियारों से काट डाला... खून से लथपथ तड़पता रहा, हमलावर फरार

**अमृतसर**

अमृतसर के सुल्तान विंड के कोट मीत सिंह इलाके में वीरवार देर रात तीन युवकों ने एक युवक की धारदार हथियारों से हत्या कर दी। मृतक की पहचान अजयपाल सिंह निवासी कोट मीत सिंह के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, रात करीब साढ़े 10 बजे अजयपाल किसी काम से बाहर निकला था, तभी तीन युवक वहां पहुंचे और अचानक उस पर हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि हमलावरों ने अजयपाल पर कई वार किए और कुछ ही सैकेंडों में मौके से फरार हो गए। घायल अजयपाल लहूलुहान हालत वहीं तड़पता रहा। लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। थाना सुल्तान विंड की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल से खून के नमूने और अन्य साक्ष्य जुटाए हैं। इलाके के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज



खंगाली जा रही है ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। अधिकारियों ने बताया कि शुरूआती जांच में मामला पुरानी रंजिश या व्यक्तिगत विवाद का लग रहा है, लेकिन सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। अजयपाल के परिजनों के बयान दर्ज कर लिए गए हैं और फरार हमलावरों की तलाश में कई टीमें तैनात की गई हैं। इलाके में वारदात के बाद दहशत का माहौल है।

# पंजाब में मां-बेटी के साथ सामूहिक दुष्कर्म

**जालंधर।** पंजाब के जालंधर में 13 साल की बच्ची की हत्या का मामला अभी शांत नहीं हुआ है। एक बार फिर जिले में बेहद शर्मनाक घटना हुई है। जालंधर के गांव कंग कलां के नजदीक ईंटों के भट्ठे पर खेतों में मोटर पर बने एक घर में रह रही मां-बेटी के साथ चार हैवानों ने सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया है। इस घटना के बाद से इलाके में सनसनी फैल गई है। गांव कंग कलां में पूर्व सरपंच सुखविंदर सिंह निवासी गट्टी रायपुर थाना लोहियां के खेत हैं। पूर्व सरपंच के खेतों में बने मोटर के कमरे में प्रवासी महिला अपनी बेटी के साथ रहती है। पूर्व सरपंच के मुताबिक खेतों के 2 कमरों में रह रही मां-बेटी और कुछ युवकों को हथियार के दम पर सामूहिक दुष्कर्म किया।



आरोपी सुबह तड़के वहां आ धमके, जब दोनों मां-बेटी कमरे में सो रही थी। आरोपी मां-बेटी के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घिनौनी वारदात को अंजाम दिया और फरार हो गए। प्रवासी महिला और उसकी बेटी ने खेत मालिक सुखविंदर सिंह को इस घटना की जानकारी दी। इस पर सुखविंदर सिंह ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और दुष्कर्म का मामला दर्ज कर लिया गया। चारों हथियारबंद युवक कौन थे कहां से आए थे उसकी जांच की जा रही है। डीएसपी ओंकार सिंह का कहना है कि पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

# पंजाब कैबिनेट मीटिंग: 300 प्राइवेट डॉक्टरों को अपने पैनल में रखेगी सरकार, बैठक में इन फैसलों पर लगी मुहर

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक बुलाई है । यह बैठक सुबह 11.30 बजे सीएम आवास पर हुई। सीएम मान की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में कई अहम फैसले लिए गए हैं। जिनमें 300 प्राइवेट डॉक्टरों को सरकार अपने पैनल पर रखेगी, प्रति मरीज इन डॉक्टरों को इंसेंटिव दिया जाएगा। सरकारी डॉक्टर भी ड्यूटी खत्म करने के बाद सेवाएं देंगे तो उन्हें भी अतिरिक्त मानदेय मिलेगा। इसके अलावा खनन माफिया पर सरकार लगाम कसेगी। सभी वाहनों में अब जीपीएस सिस्टम लगाना अनिवार्य होगा, कौन सा वहां कहां से चला और कहां तक पहुंचा खनन विभाग इन पर पैनी नजर रखेगा। सोसाइटियों की मनमानियां पर भी लगाम लगाई जाएगी। नियमित ऑडिट और उनकी कार्यप्रणाली की जांच होगी। अब विभागों में पांच लाख रुपये तक की खरीदारी



बिना टेंडर के हो सकेगी, अभी तक यह सीमा ढाई लाख रुपये थी, जरूरी चीजों की खरीदारी में काफी समय लगता था। बॉर्डर पर सेवाएं देने वाले डॉक्टरों और टीचरों को मिलेगा अलग से विशेष लाभ, इस पर सरकार विचार कर रही। इस संबंध में अगली कैबिनेट बैठक में प्रस्ताव लाया जाएगा। सरकार की तरफ से नई उद्योग नीति तैयार की जा रही है। नीति को लेकर गठित कमेटियों की रिपोर्ट को भी हरी झंडी दी जा सकती है। जनवरी में इस नीति को जारी किया जाना है। इसी तरह पंजाब प्रोटेक्शन ऑफ ट्री बिल 2025 को भी बैठक में लाया जा सकता है। वन विभाग ने मंजूरी के लिए यह प्रस्ताव को भेज दिया था और अब इसे कैबिनेट में मंजूरी के लिए रखा जाना है।

# पीआरटीसी का चक्का जाम: यूनियन नेताओं की गिरफ्तारी... सभी बस स्टैंड बंद, हालात तनावपूर्ण, पटियाला में लाठीचार्ज

**जालंधर/अमृतसर/ फिरोजपुर**

पंजाब में पनबस और पीआरटीसी कर्मचारियों ने हड़ताल कर चक्का जाम कर दिया है। वीरवार शाम से ही कर्मचारियों और नेताओं की गिरफ्तारियां शुरू हो गई थीं, जिसके चलते माहौल तनावपूर्ण हो गया। शुक्रवार सुबह तक जालंधर, फिरोजपुर, अमृतसर सहित पूरे प्रदेश में पनबस-पीआरटीसी यूनियन ने विरोध जताते हुए हड़ताल कर दी है। पटियाला में प्रदर्शन कर रहे रोडवेज कर्मियों पर पुलिस ने बल प्रयोग करते हुए लाठीचार्ज किया है। वहीं पुलिस ने कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में भी लिया है। पंजाब रोडवेज के कर्मचारियों द्वारा जालंधर सहित पंजाब भर में बस स्टैंड बंद करके चक्का जाम कर दिया गया है। सरकार द्वारा किलोमीटर



योजना को लेकर टेंडर खोलने से पहले ही देर रात को पुलिस द्वारा यूनियन के नेताओं को हिरासत में ले लिया गया है। इससे नाराज होकर पंजाब रोडवेज के कर्मचारियों ने बस स्टैंड बंद करने का फैसला किया है। बस स्टैंड बंद करने से सुबह नौकरीपेशा लोगों व रोजाना बस में यात्रा करने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक, राजेंद्र कुमार के द्वारा नारैन प्रिंटिंग प्रेस कश्मीरी बाजार होशियारपुर पंजा से छपवाकर, शंकर नगर नजदीर रेलवे स्टेशन होशियारपुर से प्रकाशित किया। सम्पादक राजेंद्र कुमार

# देर रात तक चलाते रहते हैं मोबाइल ?

## ये आदत आपकी बनी-बनाई सेहत का कर देगी सत्यानाश



### मोटापा बढ़ने का भी जोखिम

जब आप देर रात तक फोन का इस्तेमाल करते हैं तो सोने का समय कम हो जाता है। नींद की कमी का सीधा असर हार्मोनल बैलेंस पर पड़ता है। अध्ययनों के अनुसार, नींद की कमी से घ्रेलिन हार्मोन (भूख बढ़ाने वाला हार्मोन) बढ़ जाता है और लेप्टिन हार्मोन (पेट भरा होने का संकेत देने वाला) कम हो जाता है। इस वजह से देर रात तक फोन चलाने वाले लोग अगले दिन ज्यादा कैलोरी खाते हैं और धीरे-धीरे वजन बढ़ने लगता है। हार्वर्ड स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ की एक स्टडी के मुताबिक, रात में नींद की कमी और स्क्रीन टाइम मोटापे, डायबिटीज और मेटाबॉलिक सिंड्रोम का बड़ा कारण है।

हमारी लाइफस्टाइल की जिन आदतों के कारण सेहत पर सबसे ज्यादा असर हो रहा है उनमें से एक है मोबाइल से चिपके रहना। क्या आप जानते हैं कि हर व्यक्ति रोजाना लगभग 3 घंटे से ज्यादा समय मोबाइल स्क्रीन पर बिताता है और इसमें सबसे बड़ा हिस्सा देर रात के स्क्रॉलिंग का होता है? सोचिए, जब नींद का समय शरीर को रिपेयर करने और दिमाग को आराम देने के लिए बनाया गया है, हम उसी समय इंस्टाग्राम रील्स, व्हाट्सऐप चैट या यूट्यूब वीडियो में उलझे रहते हैं।

यह आदत देखने में साधारण लग सकती है, लेकिन शोध बताते हैं कि देर रात फोन का इस्तेमाल नींद, आंखों, दिमाग, हार्मोन और पूरे स्वास्थ्य को धीरे-धीरे नुकसान पहुंचाता है।

जब हम रात में फोन की स्क्रीन देखते हैं तो उससे निकलने वाली ब्लू लाइट हमारे शरीर को कई प्रकार से नुकसान पहुंचाने लगती है।इसका असर मेलाटोनिन नामक हार्मोन पर भी होता है जो नींद लाने में मदद करता है। इसके चलते नींद देर से आती है, बार-बार टूटती है और सुबह उठते ही शरीर थका-थका महसूस करता है। यही नहीं, लगातार स्क्रॉलिंग करते रहने से आंखों पर दबाव बढ़ता है और मानसिक रूप से भी हम बेचैनी, तनाव और चिंता का शिकार हो जाते हैं।



**स्क्रीन टाइम बढ़ने के नुकसान**

हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक जिन लोग का सोने से पहले ज्यादा स्क्रीन टाइम अधिक होता है उनमें नींद से जुड़ी बीमारियां, मोटापा, हृदय रोग और डिप्रेशन का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। यानी रात की यह आदत केवल नींद को बाधित नहीं करती, बल्कि धीरे-धीरे हमारी उम्र और सेहत दोनों घटाती है।

**नींद की गुणवत्ता पर असर**

जब आप रात में फोन स्क्रॉल करते हैं, तो स्क्रीन से निकलने वाली ब्लू लाइट दिमाग में मेलाटोनिन हार्मोन को दबा देती है। मेलाटोनिन ही वह हार्मोन है जो हमारे शरीर को सोने का संकेत देता है।

अमेरिकन एकेडमी ऑफ स्लीप मेडिसिन के अनुसार, सोने से 1-2 घंटे पहले फोन का इस्तेमाल करने से नींद आने में देरी होती है और गहरी नींद नहीं आती। लगातार ऐसा करने से अनिद्रा की समस्या बढ़ सकती है। अच्छी नींद न मिलने का सीधा असर दिनभर की ऊर्जा, मूड और कार्यक्षमता पर पड़ता है।

**आंखों पर दबाव का खतरा**

फोन से निकलने वाली ब्लू लाइट आंखों के लिए हानिकारक मानी जाती है। शोध बताते हैं कि लगातार देर रात तक स्क्रीन देखने से डिजिटल आई स्ट्रेन हो सकता है। इसके कारण आंखों में जलन, सूखापन, धुंधला दिखाई देना और सिरदर्द की दिक्कत बढ़ जाती है।

अगर यह आदत लंबे समय तक जारी रहे तो रेटिना की कोशिकाएं प्रभावित हो सकती हैं, जिससे उम्र से पहले मैक्युलर डीजेनरेशन यानी दृष्टि कमजोर होना शुरू हो सकता है।







# 'ये आतंकी हमला है' व्हाइट हाउस के पास गोलीबारी पर भड़के ट्रंप; दिए ये सख्त निर्देश

**नई दिल्ली :** दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आवास से कुछ दूरी पर बुधवार दोपहर करीब 2.30 बजे गोलीबारी हुई। व्हाइट हाउस के पास हुई इस घटना में कम से कम तीन लोग घायल बताए जा रहे हैं, जिनमें दो नेशनल गार्ड के जवान शामिल हैं।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस गोलीबारी को आतंकी हमला करार दिया है। वॉशिंगटन में वेस्ट वर्जीनिया नेशनल गार्ड पर हुए हमले के बाद उन्होंने शहर में 500 अतिरिक्त नेशनल गार्ड जवान तैनात करने का आदेश दिया है। ट्रंप ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के कार्यकाल में अफगानिस्तान से अमेरिका में घुसे हर व्यक्ति की दोबारा जांच कराई जाएगी। उन्होंने दावा किया कि उन्हें संदेह है कि गोलीबारी का आरोपी 2021 में अफगानिस्तान से अमेरिका में आया



था। मेट्रोपॉलिटन पुलिस के अनुसार, व्हाइट हाउस के पास गश्त कर रहे नेशनल गार्ड जवानों पर हमला किया गया। घटना के तुरंत बाद इलाके को घेरकर भारी सुरक्षा बल तैनात कर दिया गया। जवाबी कार्रवाई में गार्ड सदस्यों ने संदिग्ध को दबोच लिया। आरोपी की पहचान 29 वर्षीय रहमानुल्लाह लकनवाल के रूप में हुई है, जो अफगान नागरिक बताया जा रहा है। हमले के बाद अमेरिकी प्रशासन ने बड़ा कदम उठाते हुए अफगान नागरिकों के सभी इमिग्रेशन अनुरोध अस्थायी रूप से रोक दिए हैं।

# दिल्ली-एनसीआर में सांस लेना हुआ मुश्किल, हवा हुई 'बेहद खराब', कई इलाकों में AQI 350 के पार पहुंचा

**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली सहित एनसीआर में जहरीली हवा का कहर जारी है। शहर में स्मॉग की मोटी चादर छाई हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, बृहस्पतिवार सुबह सात बजे दिल्ली का औसत एक्यूआई (एयर क्वालिटी इंडेक्स) ह्यबेहद खराबह्न श्रेणी में 349 दर्ज किया गया है। इसके अलावा राजधानी के धौला कुआं इलाके में एक्यूआई 356, आनंद विहार में एक्यूआई 390, अलीपुर में 356, अशोक विहार में 388, चांदनी चौक में 371 और आईटीओ में 357 दर्ज किया गया है, जिसे ह्यबहुत खराबह्न कैटेगरी में रखा गया है। वहीं, बवाना में एक्यूआई 405, बुराड़ी एक्यूआई में 369, जहांगीरपुरी एक्यूआई में 394, नरेला एक्यूआई में 388 और द्वारका में एक्यूआई 348 दर्ज किया गया है। दिल्ली से सटे नोएडा सेक्टर-62 में एक्यूआई 325, गाजियाबाद के वसुंधरा में एक्यूआई 296, इंदिरापुरम में



एक्यूआई 389 और गुरुग्राम (विकास सदन में एक्यूआई 325 रिकॉर्ड किया गया है। इससे पहले, बुधवार को दिल्ली का 24 घंटे का औसत एक्यूआई 327 रहा, जबकि मंगलवार को यह 352 और सोमवार को 382 दर्ज किया गया था। वायु गुणवत्ता चेतावनी प्रणाली के पूर्वानुमान अनुसार, आने वाले दिनों में हवा की गुणवत्ता में बहुत सुधार आने के आसार कम हैं।

# बड़ा हादसा : आठ मंजिला इमारत में लगी भीषण आग, 44 की मौत; 279 लोग अब भी लापता

**नई दिल्ली :** हांगकांग की एक 8 मंजिला इमारत में आग लगने के बाद भारी तबाही मची है। हांगकांग पुलिस फोर्स ने गुरुवार को एक प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि हांगकांग के ताइपो स्थित एक रिहायशी इलाके वांग फक कोर्ट में आग लगने से 44 लोगों की मौत हो गई और 45 अन्य झुलस गए। इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। एजेंसी ने हांगकांग पुलिस फोर्स के हवाले से बताया कि तीन लोगों को शक के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। हांगकांग के चीफ एग्जीक्यूटिव जॉन ली ने कहा कि फायरफाइटर्स की लगातार कोशिशों के बाद वांग फुक कोर्ट में लगी आग पर धीरे-धीरे काबू पा लिया गया है। एग्जीक्यूटिव ली ने बताया कि करीब 279 लोग अभी भी लापता हैं। 29 लोग अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं, जिनमें से सात की हालत गंभीर है। ली ने जोर देकर कहा कि सरकार की ओर से रेस्क्यू ऑपरेशन में पूरी मदद मिल रही है। उन्होंने



डिपार्टमेंट्स और यूनिट्स को आग बुझाने, फंसे हुए लोगों को बचाने, घायलों का इलाज करने, परिवारों को मदद और इमोशनल सपोर्ट देने, और हादसे की पूरी जांच करने सहित बड़े पैमाने पर काम करने का निर्देश दिया है। फायर सेवा विभाग को बुधवार को स्थानीय समय के हिसाब से दोपहर करीब 2:51 बजे हादसे की जानकारी दी गई। भयंकर आग की वजह से विभाग ने स्थानीय समयानुसार शाम 6:22 बजे अलर्ट को नंबर 5 अलार्म फायर तक बढ़ा दिया। रेस्क्यू ऑपरेशन अभी भी जारी है। वांग फुक कोर्ट में आठ रेजिडेंशियल बिल्डिंग हैं, और आग ने सात बिल्डिंग को अपनी चपेट में ले लिया है। हांगकांग हॉस्पिटल अथॉरिटी ने अपने मेजर इंसिडेंट कंट्रोल सेंटर को सक्रिय कर दिया है। एजुकेशन ब्यूरो ने प्रभावित छात्रों को सही मदद देने के लिए एजुकेशनल साइकोलॉजिस्ट और संबंधित स्टाफ को अस्थायी आश्रय घरों में भेजा है। इसके अलावा, वहां के कई स्कूल गुरुवार को बंद रहेंगे। ताई पो केयर टीम के सदस्य और जिला काउंसलर लैम यिक कुएन ने कहा कि कई संगठनों और लोगों ने अपनी मर्जी से मानवीय मदद की है। इससे मुश्किल समय में एकजुटता और आपसी देखभाल दिखाई देती है।



# इंजीनियरिंग कॉलेज बना साइबर क्राइम का ‘हब’, देश में हजारों लोगों को लगाया 90 करोड़ का

**नई दिल्ली.** पुडुचेरी साइबर अपराध पुलिस ने एक बड़े साइबर धोखाधड़ी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है, जो कथित तौर पर एक इंजीनियरिंग कॉलेज के अंदर से संचालित हो रहा था। जांच अधिकारियों ने इसे साइबर अपराध का ‘हब’ बताया है। जांच में पता चला है कि 90 करोड़ रुपये के इस घोटाले में छात्र अपने दोस्तों और सहपाठियों के बैंक खाते साइबर अपराधियों को बेचते थे। अधिकारी बताते हैं कि अपराधी भारत में धन को वैध दिखाकर बाद में दुबई भेजते थे और वहां से चीन स्थित नेटवर्क के जरिए इसे क्रिप्टोकरेंसी में बदल देते थे। यह मामला तब उजागर हुआ जब इंजीनियरिंग के दो छात्र–दिनेश और जयप्रताप–अपने बैंक खाते फ्रीज होने के बाद पुलिस के पास पहुंचे। दोनों ने बताया कि उन्होंने अपने खाते की जानकारी अपने दोस्त हरीश के साथ साझा की थी।पुलिस जांच में सामने आया कि इन खातों



का इस्तेमाल घोटाले की रकम जमा करने के लिए ‘डंकी अकाउंट’ के रूप में किया जा रहा था। अब तक की जांच में इन खातों से कम से कम 7 करोड़ रुपये निकाले जाने की पुष्टि हुई है। पुलिस ने मामले में चार इंजीनियर स्नातकों सहित सात लोगों–थॉमस उर्फ हयग्रीव, हरीश, गणेशन, गोविंदराज, यशविन, राहुल और अय्यप्पन–को गिरफ्तार किया है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने इनके पास से 5 लाख रुपये नकद, 171 चेकबुक, 75 एटीएम कार्ड, 20 मोबाइल फोन, लैपटॉप, कंप्यूटर, कई बैंक पासबुक, क्रेडिट कार्ड और एक हुंडई वरना कार जब्त की है।

# अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा चीन, फिर अलापा ‘अरुणाचल’ का राग; ताइवान पर भी कर रहा दावा; जानें पूरा मामला

**नई दिल्ली :** भारत के पूर्वोत्तर राज्य अरुणाचल प्रदेश को लेकर चीन फिर से पुराना राग अलाप रहा है। चीन ने मनमाने तरीके से भारतीय नागरिक को हिरासत में ले लिया, जिसके बाद जमकर बवाल मचा। हालांकि, भारत ने चीन को कड़े शब्दों में जवाब दिया है। खैर, ये चीन की पुरानी आदत रही है, दूसरों की जमीन पर जबरन कब्जा करने की कोशिश करना और ऐसा करने में सफल ना हो पाए तो भी उसे अपना बताना। चीन ऐसा ही कुछ ताइवान के साथ भी करने की कोशिश करता रहा है।

बता दें, अरुणाचल प्रदेश भारत का एक अभिन्न हिस्सा है। अंतर्राष्ट्रीय मानचित्र में भी अरुणाचल प्रदेश भारत का राज्य है ना कि चीन का। अरुणाचल प्रदेश भारत के पूर्वोत्तर में स्थित है। इसकी सीमाएं भूटान, चीन और म्यांमार से सटी हैं। चीन की हालत ये है कि उसने अपने मानचित्र पर अरुणाचल प्रदेश को ही नहीं बल्कि पूरे जम्मू-कश्मीर को भी अपना हिस्सा बता दिया। वहीं बीजिंग में बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के दूसरे



समिट में चीन ने जम्मू-कश्मीर और अरुणाचल प्रदेश को भारत का हिस्सा दिखाया था।

कुछ समय पहले चीन ने ऐसे लगभग तीस हजार नक्शों को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया था, जिसमें अरुणाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर को भारत का हिस्सा दिखाया गया था। 2018 के लगभग में चीनी चैनल सीजीटीएन ने पीओके को पाकिस्तान से अलग दिखाया था। चीन ताइवान के साथ भी यही करने की कोशिश में लगा हुआ है। चीन ताइवान को अपना हिस्सा बताता है और धमकियां देता रहता है कि वह बलपूर्वक भी ताइवान को हासिल करके रहेगा। वहीं ताइवान की सरकार का कहना है कि वह एक स्वतंत्र राष्ट्र है और उसे क्या करना है, यह वहां की जनता तय करेगी।

चीन की ओर से बढ़ते दबाव के बीच ताइवान ने अपनी रक्षा क्षमता बढ़ाने के लिए रक्षा बजट में वृद्धि की है। यही कारण है कि ताइवान अमेरिका से हथियार भी खरीद रहा है। ताजा अपडेट में ताइवान ने चीन के साथ जारी तनाव के बीच 40 बिलियन डॉलर से ज्यादा का रक्षा बजट पेश किया है। वहीं दूसरी ओर जापान ने भी ताइवान के नजदीक योनागुनी द्वीप पर नई मिसाइलें तैनात कर दी हैं। चीन और भारत के बीच मैकमोहन रेखा को ही दोनों देशों के बीच अंतर्राष्ट्रीय सीमा माना जाता है, लेकिन चीन इसे मानने से इनकार करता है। चीन दावा करता है कि तिब्बत का बड़ा हिस्सा भारत के पास है। वहीं, चीन ने पश्चिम अक्साई चिन के बड़े हिस्से पर अवैध रूप से कब्जा कर रखा है।

# दर्दनाक रेल हादसा : ट्रेन से कटकर 11 लोगों की मौत और दो घायल

**नई दिल्ली .** चीन के दक्षिणी प्रांत युन्नान में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक रेल हादसा हुआ, जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई जबकि दो लोग घायल हैं। यह दुर्घटना उस समय हुई जब भूकंपीय संकेतों की जांच के लिए चल रही एक परीक्षण ट्रेन कुनमिंग शहर के लुओयांग टाउन रेलवे स्टेशन पर निर्माण कर्मचारियों के समूह से टकरा गई। चीन सेंट्रल टेलीविजन के अनुसार, गुरुवार सुबह लुओयांग टाउन स्टेशन के घुमावदार ट्रैक वाले हिस्से में निर्माण मजदूर किसी काम के सिलसिले में ट्रैक पर थे। इसी दौरान भूकंप मापने वाले उपकरण की टेस्टिंग कर रही ट्रेन तेज रफ्तार से वहां पहुंची और



मजदूरों को कुचल दिया। हादसे में 11 मजदूरों की मौके पर मौत हो गई, जबकि 2 गंभीर रूप से घायल हुए। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे अधिकारी और राहत-बचाव दल मौके पर पहुंच गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनका उपचार जारी है। रेलवे प्रशासन ने बताया कि स्टेशन पर सामान्य संचालन दोबारा शुरू कर दिया गया है। वहीं, हादसे के कारणों की जांच के लिए विशेष टीम गठित की गई है। अधिकारियों ने कहा कि लापरवाही पाए जाने पर संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# अंडर-19 एशिया कप : 14 साल के वैभव सूर्यवंशी फिर टीम इंडिया में, आयुष संभालेंगे कप्तानी; 14 दिसंबर को पाकिस्तान से महामुकाबला




भारतीय क्रिकेट की सबसे युवा सनसनी और विस्फोटक ओपनर वैभव सूर्यवंशी एक बार फिर नीली जर्सी में धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। बीसीसीआई ने शुक्रवार (28 नवंबर) को दिसंबर में होने वाले अंडर-19 एशिया कप 2025 के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया है। 14 साल के वैभव सूर्यवंशी को स्क्वॉड में जगह मिली है, जबकि टीम की कमान उनके सीनियर आयुष म्हात्रे को सौंपी गई है।

**दुबई में होगा घमासान, वर्ल्ड कप की तैयारी :** यह टूर्नामेंट 12 दिसंबर से 21 दिसंबर के बीच दुबई में खेला जाएगा। वनडे फॉर्मेट में होने वाला यह एशिया कप अगले साल जनवरी-फरवरी में होने वाले अंडर-19 वर्ल्ड कप की तैयारियों के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। चयनकर्ताओं ने 15 सदस्यीय टीम चुनी है, जबकि 4 खिलाड़ियों को स्टैंडबाय में रखा है।

**वैभव पर होंगी नजरें, आयुष संभालेंगे कप्तानी :** इस स्क्वॉड में सबसे बड़ा आकर्षण बिहार के 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी हैं। वैभव ने हाल ही में इंग्लैंड दौरे पर भारत की अंडर-19 टीम के लिए खेलते हुए महज 52 गेंदों में शतक जड़कर इतिहास रचा था। वह यूथ वनडे में सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाले बल्लेबाज बने थे। हालांकि, कप्तानी का जिम्मा 17 साल के आयुष म्हात्रे को दिया गया है, जिन्होंने इंग्लैंड दौरे पर भी टीम का नेतृत्व किया था। विहान मल्होत्रा को टीम का उप-कप्तान बनाया गया है।

**पुराने चेहरों पर भरोसा :** चयनकर्ताओं ने ज्यादातर उन्हीं खिलाड़ियों पर भरोसा जताया है जो हालिया इंग्लैंड दौरे पर टीम का हिस्सा थे। इनमें विकेटकीपर अभिज्ञान कुंडू, स्पिनर कनिष्क चौहान और हेनिल पटेल जैसे नाम शामिल हैं।

## 14 दिसंबर को भारत बनाम पाकिस्तान

एशिया कप में कुल 8 टीमें हिस्सा लेंगी। भारत को 'ग्रुप-ए' में रखा गया है, जिसमें उसका सबसे बड़ा मुकाबला चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगा।

### टीम इंडिया का शेड्यूलः

* 12 दिसंबर : भारत बनाम क्वालिफायर-1
* 14 दिसंबर: भारत बनाम पाकिस्तान (महामुकाबला)
* 16 दिसंबर: भारत बनाम क्वालिफायर-3
* 19 दिसंबर: सेमीफाइनल 1 और 2
* 21 दिसंबर: फाइनल

### टीम इंडिया का पूरा स्क्वॉड

**कप्तान :** आयुष म्हात्रे
**उप-कप्तान :** विहान मल्होत्रा
**खिलाड़ी :** वैभव सूर्यवंशी, वेदांत त्रिवेदी, अभिज्ञान कुंडू (विकेटकीपर), हरवंश सिंह, युवराज गोहिल, कनिष्क चौहान, खिलन ए पटेल, नमन पुष्पक, डी दीपेश, हेनिल पटेल, किशन कुमार सिंह (फिटनेस पर निर्भर), उद्धव मोहन और ऐरन जॉर्ज।
**स्टैंडबाय खिलाड़ी :** राहुल कुमार, हेमचुदेषन जे, बीके किशोर, आदित्य रावत।

# यूरोपा लीग : फॉरेस्ट ने माल्मो को 3-0 से रौंदा, रोमा और एस्टन विला ने जीते मुकाबले



नॉटिंघम फॉरेस्ट ने माल्मो एफएफ को 3-0 से मात देकर यूरोपा लीग में तीन प्वाइंट्स हासिल कर लिए हैं। मुकाबले के 27वें मिनट कप्तान रायन येट्स ने गोल दागकर नॉटिंघम फॉरेस्ट का खाता खोला। इसी के साथ टीम ने मुकाबले में 1-0 से लीड हासिल कर ली। मुकाबले के 44वें मिनट अर्नीड कलिमुएंडो ने गोल करते हुए फॉरेस्ट की लीड को दोगुना कर दिया।

माल्मो एफएफ की टीम 0-2 से पिछड़ गई थी। टीम लगातार गोल करने की कोशिश करती रही, लेकिन इसी बीच 59वें मिनट में निकोला मिलेंकोविक ने गोल दागकर फॉरेस्ट को 3-0 से आगे कर दिया। यहां से माल्मो की टीम दबाव से बाहर नहीं निकल सकी। इस जीत के साथ नॉटिंघम फॉरेस्ट ने 8 प्वाइंट्स हासिल कर लिए हैं। फॉरेस्ट टेबल में 16वें नंबर पर आ गई है। दूसरी ओर, माल्मो के पास 1 अंक है। यह टीम 34वें पायदान पर मौजूद है।

एक अन्य मैच में, रोमा ने मिड्टजिलैंड को 2-1 से शिकस्त देकर पहली घरेलू जीत दर्ज की। इस टीम के लिए नील एल ऐनाउई और स्टीफन ऐल शरावी मुकाबले के हीरो रहे, जिन्होंने एक-एक गोल किए। नील एल ऐनाउई ने मुकाबले के 7वें मिनट खाता खोला। इसके बाद स्टीफन ऐल शरावी ने 83वें मिनट गोल दागकर रोमा को 2-0 से आगे कर दिया। मुकाबले के 86वें मिनट मिड्टजिलैंड ने पॉलिन्हो के गोल की बदौलत अपना खाता खोला, लेकिन यह टीम मुकाबला गंवा बैठी। इस बीच, डोनियल मैलेन के शानदार प्रदर्शन की बदौलत एस्टन विला ने यंग बॉयज को 2-1 से शिकस्त देकर पांच लीग फेज मैचों में अपनी चौथी जीत दर्ज की। डच फुटबॉलर ने मुकाबले के 27वें मिनट गोल दागकर मैच का खाता खोला, जिसके बाद 42वें मिनट एक और गोल दागकर एस्टन विला को 2-0 से आगे कर दिया। यंग बॉयज ने मुकाबले के 90वें मिनट सब्स्टीट्यूट जोएल मोंटेइरो की शानदार हाफ-वॉली के साथ अपना खाता खोला, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी।

## एलिसा हीली से लेकर भारत की वर्ल्ड चैंपियन खिलाड़ी तक, ऑक्शन में इन स्टार्स को नहीं मिले खरीदार

विमेंस प्रीमियर लीग 2026 के मेगा ऑक्शन में 5 टीमों के बीच बिडिंग वॉर देखने को मिला, जिन्होंने कुल 40.8 करोड़ रुपए खर्च करते हुए 67 खिलाड़ियों को खरीदा. इस बार भारतीय खिलाड़ी काफी ज्यादा डिमांड में रहीं. लेकिन चौंकाने वाली बात ये भी रही कि कई स्टार खिलाड़ियों को इस बार खरीदार नहीं मिला. ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली जैसी दिग्गज खिलाड़ी भी अनसोल्ड रहीं, जिसने हर किसी को चौंका दिया. वहीं, टीम इंडिया के साथ 2025 वनडे वर्ल्ड कप का खिताब जीतने वाली एक खिलाड़ी भी किसी टीम का ध्यान अपनी ओर नहीं खींच सकी।

**209 खिलाड़ियों को नहीं मिला खरीदार :** इस बार मेगा ऑक्शन में कुल 276 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था, इनमें से 209 खिलाड़ी अनसोल्ड रहीं. अनसोल्ड खिलाड़ियों की लिस्ट में सबसे बड़ा नाम एलिसा हीली का ही रहा. मेगा ऑक्शन की शुरुआत एलिसा हीली के नाम से ही हुई थी, वह 50 लाख के बेस प्राइस के साथ उतरी थीं.

लेकिन किसी भी टीम ने एलिसा हीली पर दांव नहीं खेला, जिसने हर किसी को हैरान कर दिया. मार्की सेट में वह इकलौती खिलाड़ी रहीं जिस पर किसी टीम ने दांव नहीं लगाया.



# रोहित शर्मा का सबसे बड़ा इम्तेहान अब, 26 मैच में इतना खराब है रिकॉर्ड

भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वनडे सीरीज में दमदार बल्लेबाजी करते हुए साबित कर दिया था कि उनमें अभी क्रिकेट बाकी है.

उस सीरीज से पहले उनके करियर पर सवाल उठ रहे थे लेकिन 'हिटमैन' ने सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाकर बखूबी जवाब दिया था. मगर रोहित के सामने बड़ी चुनौती अब है क्योंकि साउथ [illegible] देते हैं कि इस टीम के खिलाफ उन्होंने सबसे ज्यादा संघर्ष किया है.

30 नवंबर से रांची में भारत और साउथ अफ्रीका के बीच वनडे सीरीज का आगाज हो रहा है. इस सीरीज में रोहित और विराट कोहली पर खासा ध्यान रहेगा क्योंकि इन दिनों ये दोनों दिग्गज ही संन्यास की अटकलों के कारण सवालों के घेरे में हैं.

मगर कोहली से ज्यादा फोकस में रोहित [illegible]



रहा है. अब उम्र तो वो रोहित शर्मा रोक नहीं सकते लेकिन फॉर्म उनके हाथों में है. ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में शतक और अर्धशतक जमाकर स्टार ओपनर ने संकेत दे दिए थे कि वो इस फॉर्मेट में अभी भी उतने ही असरदार हैं. मगर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ और ऑस्ट्रेलिया में रोहित के लिए रन बनाना कभी भी चुनौती नहीं रही. रोहित के लिए असली परीक्षा तो हमेशा से साउथ अफ्रीका [illegible] उनका प्रदर्शन सवालों के घेरे में रहता है. रोहित ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ वर्ल्ड कप 2019 में एक शानदार मैच जिताऊ शतक जमाया था. इससे पहले भी 2 अलग-अलग मौकों पर उन्होंने शतक जमाए हैं, लेकिन इस टीम के खिलाफ उनके प्रदर्शन की बस यही कहानी है. वनडे क्रिकेट में 49 की औसत से 11370 रन बनाने वाले रोहित ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 26 मैच की 25 पारियों में सिर्फ 806 रन [illegible]

# तीन ओर से अरब सागर से घिरा है मुरुदेश्वर मंदिर

**भारत मंदिरों का देश है। हमारे देश में ऐसे कई प्राचीन मंदिर हैं, जिनका संबंध या तो किसी दूसरे युग से है या फिर उनका इतिहास हजारों साल पुराना है। आज हम आपको ऐसे ही एक मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसका इतिहास रामायण काल से जुड़ा हुआ है, खासकर रावण से। यह मंदिर कर्नाटक में कन्नड़ जिले की भटकल तहसील में स्थित है, जो तीन ओर से अरब सागर से घिरा हुआ है।**

समुद्र तट पर स्थित होने के कारण इस मंदिर के आसपास का नजारा बेहद ही खूबसूरत लगता है। हम बात कर रहे हैं मुरुदेश्वर मंदिर की, जो भगवान शिव को समर्पित है।

मुरुदेश्वर भगवान शिव का ही एक नाम है। इस मंदिर की सबसे खास बात है कि इसके परिसर में भगवान शिव की एक विशाल मूर्ति स्थापित है, जिसे दुनिया की दूसरी सबसे विशाल और ऊंची शिव प्रतिमा (मूर्ति) माना जाता है।

शहर को पहले मृदेश्वर के नाम से जाना जाता था, बाद में मंदिर के निर्माण के बाद इसका नाम बदलकर मुरुदेश्वर कर दिया गया।

## मुरुदेश्वर मंदिर का रावण से संबंध

पौराणिक कथाओं के अनुसार, रावण जब अमरता का वरदान पाने के लिए भगवान शिव की तपस्या कर रहा था, तब शिवजी ने उसकी तपस्या से खुश होकर उसे एक शिवलिंग दिया, जिसे आत्मलिंग कहा जाता है और कहा कि अगर तुम अमर होना चाहते हो तो इसे लंका ले जाकर स्थापित कर देना लेकिन एक बात का ध्यान रखना कि इसे जिस जगह पर रख दोगे, यह वहीं स्थापित हो जाएगा। भगवान शिव के कहे अनुसार रावण शिवलिंग लेकर लंका की ओर जा रहा था लेकिन बीच रास्ते में ही भगवान गणेश ने चालाकी से रावण को लंका भेज दिया और लिंग को गोकर्ण में जमीन पर रख दिया, जिससे वह वहीं पर स्थापित हो गया। इससे क्रोधित होकर रावण लिंग को उखाड़ने और नष्ट करने की कोशिश करने लगा और शिवलिंग के टूटे हुए टुकड़े फैंक दिए। इसी क्रम में जिस वस्त्र से शिवलिंग ढंका हुआ था, वह म्रिदेश्वर के कन्दुका पर्वत पर जा गिरा। म्रिदेश्वर को ही अब मुरुदेश्वर के नाम से जाना जाता है। शिव पुराण में इस कथा का विस्तार से वर्णन मिलता है।



## मुरुदेश्वर मंदिर कैसे पहुंचे

मुरुदेश्वर कर्नाटक राज्य में स्थित है और गोकर्ण से केवल 54 किलोमीटर दूर है। यह कर्नाटक और देश के बाकी हिस्सों से सड़क और रेल द्वारा अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है।

## मुरुदेश्वर मंदिर हवाई जहाज से कैसे जाएं

मैंगलोर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा यहां से लगभग 153 किलोमीटर दूर है। यह देश के सभी प्रमुख शहरों और विदेशों में कुछ गंतव्यों से भी जुड़ा हुआ है। मुरुदेश्वर पहुंचने के लिए हवाई अड्डे से टैक्सी उपलब्ध हैं।

## मुरुदेश्वर मंदिर ट्रेन से कैसे जाएं

मुरुदेश्वर रेलवे स्टेशन मैंगलोर और मुंबई से जुड़ा है। मैंगलोर प्रमुख रेलहैड है और यह भारत के सभी प्रमुख शहरों से जुड़ा हुआ है। मुरुदेश्वर रेलवे स्टेशन शहर से 2 किलोमीटर पूर्व में है और यहां बसों और ऑटो-रिक्शा द्वारा पहुंचा जा सकता है।

## मुरुदेश्वर मंदिर सड़क द्वारा कैसे जाएं

निजी और राज्य द्वारा संचालित बसें मुरुदेश्वर को मुंबई, कोच्चि और बेंगलुरु से जोड़ती हैं। यह एन.एच.17 पर स्थित है, जो मुंबई को कोच्चि से जोड़ता है। बसें दोनों शहरों के बीच नियमित रूप से चलती हैं और मैंगलोर से गुजरती हैं। बेंगलुरु इस क्षेत्र के कई अन्य महत्वपूर्ण शहरों से जुड़ा हुआ है।

## मुरुदेश्वर मंदिर में विशाल शिव मूर्ति

भगवान शिव की यहां स्थापित विशाल मूर्ति की ऊंचाई करीब 123 फुट है। इसे इस तरीके से बनाया गया है कि दिनभर सूर्य की किरणें इस पर पड़ती रहती हैं। मूर्ति चांदी के रंग में कुछ इस तरह रंगी है की सूर्य की किरण पड़ते ही यह और भी विशाल रूप में प्रतीत होती है। यह शिव प्रतिमा इतनी ऊंची है कि दूर से देखी जा सकती है, साथ ही इसे देखने के लिए यहां लिफ्ट भी बनाई गई है। इसे बनाने में करीब दो साल का वक्त लगा था और करीब पांच करोड़ रुपए की लागत आई थी। इस खास मंदिर को देखने के लिए देश ही नहीं, बल्कि विदेशों से भी बड़ी संख्या में लोग आते हैं।

## मुरुदेश्वर मंदिर में है सबसे बड़ा गोपुरम

दक्षिण भारतीय मंदिरों की तरह यहां भी गोपुरम बना हुआ है, जिसकी ऊंचाई 249 फुट है। यह दुनिया का सबसे बड़ा गोपुरम माना जाता है।



# ‘जजों के पास कोई जादू की छड़ी नहीं है कि’, दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

**नई दिल्ली**. दिल्ली एनसीआर में दमघोंटू हवा से लोगों का जीना मुहाल हो रहा है। वायु प्रदूषण के मामले को देखते हुए रउ का कहना है कि वह इस मुद्दे पर रेगुलर बेसिस पर सुनवाई करेगा। इस दौरान वकील ने कहा कि हम इमरजेंसी जैसी स्थिति में हैं, असली दिक्कत मॉनिटरिंग की है। इस पर सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि हमें कारण पता हैं, अब समाधान चाहिए। सीजेआई ने कहा कि हर साल दिवाली के समय प्रदूषण की चर्चा शुरू होती है और जैसे ही सर्दियां खत्म होती हैं, यह मुद्दा गायब हो जाता है।

दरअसल, सोमवार को सुप्रीम कोर्ट दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण से जुड़े मामले पर सुनवाई के लिए सहमत हो गया। इस मामले का जिक्र एमिकस यानी कोर्ट की ओर से नियुक्त वकील ने किया था। दिल्ली एनसीआर में परिस्थिति की तात्कालिकता के कारण इस मामले में जल्दी सुनवाई की मांग की गई थी। सीजेआई ने पूरे मामले में टिप्पणी करते हुए कहा कि न्यायपालिका कौन सी जादुई छड़ी चलाकर बताए। हम कौन सा आदेश पारित कर सकते हैं कि आज ही हवा साफ हो जाए। वहीं, इस मामले में सीजेआई ने कहा कि हम इस मामले की सुनवाई करेंगे। समस्या की पहचान की जा चुकी है।




सीजेआई ने कहा कि दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण के पीछे कई कारण हैं, यह किसी एक कारण से नहीं हो रहा है। इसके कई कारण क्या हैं, यह केवल डोमेन एक्सपर्ट ही बता सकते हैं और अगर कई कारण हैं तो उनके समाधान भी वही विशेषज्ञ बता सकते हैं। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि सरकार इस दिशा में कुछ न कुछ करेगी। सीजेआई ने कहा कि हम इस मामले को रेगुलर देखेंगे। सोमवार को लिस्ट करें। सीजेआई ने कहा कि समाधान भी एक्सपर्ट्स ही बता सकते हैं। उम्मीद है सरकार ने कुछ कदम उठाए होंगे।

# श्रीलंका में ‘जल प्रलय’ मूसलाधार बारिश, बाढ़ और भूस्खलन से भारी तबाही, 31 की मौत, 14 लापता



**नई दिल्ली-** श्रीलंका में पिछले 11 दिनों से जारी मूसलाधार बारिश, बाढ़ और विनाशकारी भूस्खलन ने बड़े पैमाने पर तबाही मचाई है। श्रीलंका के आपदा प्रबंधन केंद्र (DMC) ने गुरुवार को बताया कि इन आपदाओं के कारण अब तक 31 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि लगभग 4,000 लोग प्रभावित हुए हैं। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, अकेले मध्य पर्वतीय जिलों में 18 लोगों की मौत हुई है। डेली मिरर ऑनलाइन की खबर के अनुसार एक भयावह घटना में, कुंबुक्कना में बढ़ते जलस्तर के बीच एक यात्री बस फंस गई, जिसके बाद आपात दलों ने 23 यात्रियों को सफलतापूर्वक बचा लिया। अडाडेराना समाचार पोर्टल ने बताया कि करीब 10 लोग घायल हुए हैं जबकि 14 लोग लापता बताए जा रहे हैं। राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने 25 में से 17 प्रशासनिक जिलों में बिगड़ती स्थिति की समीक्षा के लिए बैठक बुलाई है। मौसम ब्यूरो के अनुसार, देश के दक्षिण पूर्व में एक निम्न दाब क्षेत्र बना, जो बाद में एक अवदाब क्षेत्र में बदल गया। ब्यूरो के अनुसार, फिलहाल वह बट्टीकलोआ से 210 किलोमीटर दक्षिण पूर्व में स्थित है। ब्यूरो ने कहा, ‘अगले 12 घंटे में इसके उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ने और जोर पकड़कर गहन दबाव क्षेत्र में बदलने का प्रबल अनुमान है। ब्यूरो ने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों में 200 मिलीमीटर से अधिक बारिश होने का पूर्वानुमान है। इससे पहले, अक्टूबर 2024 में भारी बारिश के कारण राजधानी कोलंबो और उपनगरीय क्षेत्रों सहित देश के कई हिस्सों में बाढ़ आई थी। इससे 1 लाख 34 हजार से अधिक लोग प्रभावित हुए थे। कोलंबो में स्कूलों को बंद करना पड़ा था। कुछ इलाकों में पानी घरों और दुकानों की छतों तक पहुंच गया था।

